J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 14.04.2019**

**PUNJAB KESARI**

# रंगरीति में विद्यार्थियों ने दिखाई भारतीय पारम्परिक परिधानों और संस्कृति की झलक



**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी): जे सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव एलीमेंट्स कलमायका-2019 के दौरान भारतीय संस्कृति की झलक को दर्शाता रंगरीति इवेंट सब के आकर्षण का केन्द्र रहा। संगीत की धुन पर रैंप पर चहल-कदमी करते विद्यार्थियों ने न सिर्फ भारतीय पारम्परिक वेशभूषा को खूबसूरत ढंग से प्रदर्शित किया, बल्कि प्रोफेशन मॉडल्स की तरह नजर आये। इस शो में विद्यार्थियों द्वारा पहनी गये परिधान विशेष रूप से डिजाइन किये गये थे। सभी ने शो और परिधानों काफी पसंद किया गया। इसके अलावा, विद्यार्थियों द्वारा वेस्टर्न डांस व ग्रुप सांग्स की प्रस्तुति भी दी गई। विद्यार्थियों ने फन गेम्स में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतिभा प्रदर्शन का बेहतरीन मंच है कलमायका कुलपति प्रो दिनेश कुमार

कुलपति प्रो दिनेश कुमार उत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित विभिन्न प्रोजेक्ट्स देखे और विद्यार्थियों का हौसला भी बढ़ाया। विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उन्होंने ने कहा कि कलमायका एक ऐसा मंच है जो विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के अनुरूप क्षमता दिखाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के कम ही मौके आते है। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे है, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। भारतीय सेना को समर्पित आर्मी स्टैच्यू मैकनेक्टस क्लब के विद्यार्थियों ने स्क्रैप आर्ट से आर्मी स्टैच्यू बनाया है, जोकि सभी को काफी आकर्षित कर रहा है। भारतीय सेना को समर्पित इस स्टैच्यू में भारतीय सेना के आधुनिकीकरण तथा ताकत को दिखाया गया है। इसके अलावा, क्लब द्वारा बनाये गये आल टेरेन व्हीकल्स को भी प्रदर्शित किया गया। डीजे नाइट ने भी खूब जमाया रंग संगीत को खास ढंग से प्रस्तुत करने की अपनी कला के कारण युवाओं के पसंदीदा डीजे एमकेशिफ्ट ने कलमायका उत्सव को अपनी प्रस्तुति से एक नये मुकाम तक पहुंचाया। अब तक की सबसे बेहतरीन प्रस्तुतियों में से एक डीजे नाइट का इंतजार विद्यार्थियों को थी और उन्होंने इसका पूरा लुत्फ उठाया। संगीत की धुन पर मौज, मस्ती और धमाल ,कुल मिलाकर कलमायका की सांस्कृतिक संध्या का दूसरा दिन ऐसा ही रहा।

पंजाब केसरी
Sun, 14 April 2019
mpaper.punjabkesari.com/c/38526929

**NEWS CLIPPING: 14.04.2019**

**AMAR UJALA**

# कैटवॉक और नृत्य ने मनमोहा

## एलिमेंट्स कलमायका-2019: 'रंगरीति' में विद्यार्थियों ने दिखाई भारतीय संस्कृति की झलक

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2019' में कला और तकनीक का फ्यूजन छाया रहा। शनिवार को तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का समापन हुआ। इस दौरान भारतीय संस्कृति को दर्शाने के लिए आयोजित 'रंगरीति' कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा।

संगीत की धुन पर रैंप पर चहल-कदमी करते विद्यार्थियों ने भारतीय पारंपरिक वेशभूषाओं को खूबसूरती से प्रस्तुत किया। भारतीय वेशभूषा में सजे विद्यार्थी प्रोफेशनल मॉडल्स की तरह नजर आए। विद्यार्थियों ने वेस्टर्न डांस और ग्रुप सांग्स की प्रस्तुति दी। माहौल को मनोरंजक बनाने लिए फन गेम्स काफी पसंद किए गए।





फरीदाबाद जेसी बोस वाईएमसीए में एलीमेंटस कलमायका 2019 में कैटवॉक करते छात्र-छात्राएं।

### सुबह जूम्बा और शाम को डीजे की धुनों पर छात्र थिरके

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार उत्सव के दौरान विद्यार्थियों की प्रोजेक्ट प्रदर्शनी देखने के लिए आए। विद्यार्थियों का काम देख उन्होंने उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कलमायका एक ऐसा मंच है जो विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के अनुरूप क्षमता दिखाने का अवसर प्रदान करता है। इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के कम ही मौके आते हैं। संस्थान के इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में कुशल बनते देख प्रो. दिनेश ने तारीफ की।

मैकनेक्टस क्लब के विद्यार्थियों ने स्क्रैप आर्ट से आर्मी स्टैच्यू प्रदर्शित किया। जिसने सभी को आकर्षिक किया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 14.04.2019**

**HINDUSTAN**

## कला और तकनीक का संगम, सुबह जुम्बा और शाम को डीजे की धुन पर मस्ती

# फैशन शो में दिखी भारतीयता




फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

फैशन शो में जहां भारतीय परिधानों संग वेस्टर्न का संगम दिखा, वहीं तकनीकी इवेंट्स में छात्रों का कौशल देखने को मिला। मौका था जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2019' अंतिम दिन आयोजित कार्यक्रमों का। तीसरे दिन छात्रों ने खूब जलवा दिखाया।

**प्रतिभा प्रदर्शन का बेहतरीन मंच है कलमायका :** कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इस दौरान छात्रों के प्रोजेक्ट्स देखे और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कलमायका एक ऐसा मंच है जो छात्रों को प्रतिभा के हिसाब से क्षमता दिखाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग छात्रों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के मौके कम आते हैं। साथ ही उन्होंने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्र इंजीनियरिंग के साथ दूसरे क्षेत्रों में भी प्रतिभावान हैं।



फरीदाबाद जेसी बोस यूनिवर्सिटी में चल रहे कलमायका फेस्ट में शुक्रवार की देर रात को छात्र-छात्राएं फैशन शो के दौरान रेंप पर उतरे।

**दुल्हन के लिबास में खूबसूरत लहंगों की प्रदर्शनी :** कलयामका के तीसरे दिन फैशन शो रंगरीति आर्कषण का केंद्र रहा। छात्रों ने इस दौरान भारतीय परंपरा में आधुनिकता का पुट पेश कर खूब वाहवाही लूटी। दुल्हन के लिबास में जहां खूबसूरत लहंगों की प्रदर्शनी की, वहीं वेस्टर्न ड्रेस में एक से बढ़कर एक डिजाइन दिखाए, साड़ी और कुर्तियों को भी आधुनिक अंदाज में पेश कर छात्र-छात्राओं ने खूब तालियां बटोरी। वहीं रैंप पर उतरे छात्रों का आत्मविश्वास भी प्रोफेशनल मॉडल्स की तरह रहा।

**वेस्टर्न गीत-संगीत से सजी फेस्ट की शाम :** फेस्टिवल में वेस्टर्न डांस सोलो व ग्रुप परफॉर्मेंस भी हुई। इस दौरान विभिन्न संस्थानों से आई टीमों ने भाग लेकर खूब प्रतिभा दिखाई। इंस्ट्रूमेंट्स की जुगलबंदी संग शानदार प्रस्तुति देकर प्रतिभागियों ने सभी की वाहवाही लूटी। इसके अलावा छात्रों ने मोबाइल गेमिंग, रोबोट वार, नृत्य, अभिनय, फन गेम्स आदि गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने अपनी प्रस्तुति से निर्णायक मंडल का भी दिल जीता।

**सेना को समर्पित आर्मी स्टैच्यू बना आकर्षण :** मैकनेक्ट्स क्लब के छात्रों ने स्क्रैप आर्ट से आर्मी का स्टैच्यू बनाया है। परिसर में आने वाले लोगों के लिए ये स्टैच्यू आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस स्टैच्यू में भारतीय सेना के आधुनिकीकरण तथा ताकत को दिखाया गया है। छात्र इस स्टैच्यू के साथ सेल्फी लेते दिखे। वहीं इसके अलावा मौके पर क्लब ओर से तैयार किए गए आल टेरेन व्हीकल्स को भी प्रदर्शित किया गया।

**जुंबा से शुरुआत डीजे नाइट से हुआ समापन :** छात्रों को मस्ती भरा दिन देने के लिए कार्यक्रम की शुरुआत सुबह जुंबा से हुई। इसमें छात्रों ने बॉलीवुड धुन पर जमकर कदम थिरकाए। इसके बाद शाम को पसंदीदा डीजे 'एमकेशिफ्ट' ने कलमायका उत्सव में लाइव परफॉर्मेंस देकर छात्रों को थिरकने पर मजबूर किया। छात्रों ने डीजे की धुन पर दोस्तों संग देर शाम तक जमकर मस्ती की।

**एनसीआर के 30 शिक्षण संस्थानों से छात्र शामिल :** फेस्टिवल में फरीदाबाद व एनसीआर से करीब 30 शिक्षण संस्थानों ने भाग लिया। इसके लिए करीब 12 हजार छात्रों ने पंजीकरण कराया था। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चैहान ने बताया कि तीन दिवसीय उत्सव के दौरान लगभग 150 सांस्कृतिक एवं तकनीकी इवेंट्स आयोजित किए गए। उत्सव में विश्वविद्यालय के सभी 15 छात्र क्लबों ने अहम भूमिका निभाई।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 14.04.2019**

## HINDUSTAN



मौज-मस्ती

फरीदाबाद जेसी बोस यूनिवर्सिटी में चल रहे कलमायका फेस्ट में शुक्रवार की देररात छात्र फैशन शो के दौरान रैंप पर उतरे तो वहां मौजूद छात्राओं ने भी मंच के आगे डांस कर मौज-मस्ती की। ● सुभाष शर्मा (संबंधित खबर पेज-23 पर)

# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


**GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)**

**NEWS CLIPPING: 14.04.2019**

## DAINIK BHASKAR

**एलिमेंट्स कलमायका** • सुबह जुंबा और शाम को डीजे की धुनों पर विद्यार्थियों ने जमकर की मस्ती

# कला और तकनीकी का अनोखा 'फ्यूजन' दिखा

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) के वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2019' के दौरान भारतीय संस्कृति की झलक को दर्शाता 'रंगरीति' इवेंट सबके आकर्षण का केंद्र रहा। संगीत की धुन पर रैंप पर चहल-कदमी करते विद्यार्थियों ने न सिर्फ भारतीय पारंपरिक वेशभूषा को खूबसूरत ढंग से प्रदर्शित किया, बल्कि ये प्रोफेशनल मॉडल्स की तरह नजर आए। इस शो में विद्यार्थियों द्वारा पहने गए परिधान विशेष रूप से डिजाइन किए गए थे। सभी ने शो और परिधानों को काफी पसंद किया। इसके अलावा विद्यार्थियों द्वारा वेस्टर्न डांस व ग्रुप सांग की प्रस्तुति भी दी गई। विद्यार्थियों ने फन गेम्स में भी हिस्सा लिया।

संगीत को खास ढंग से प्रस्तुत करने की अपनी कला के कारण युवाओं के पसंदीदा डीजे 'एमकेशिफ्ट' ने कलमायका उत्सव को अपनी प्रस्तुति से एक नए मुकाम तक पहुंचाया। अब तक की सबसे बेहतरीन प्रस्तुतियों में से एक डीजे नाइट का इंतजार विद्यार्थियों को था और उन्होंने इसका पूरा लुत्फ उठाया। संगीत की धुन पर मौज, मस्ती और धमाल, कुल मिलाकर कलमायका की सांस्कृतिक संध्या का दूसरा दिन ऐसा ही रहा।



**फरीदाबाद.** कलमायका में स्टूडेंट्स वेस्टर्न डांस प्रस्तुत करती हुईं।

### स्टूडेंट्स ने स्क्रैप आर्ट से आर्मी स्टैच्यू बनाया

मैकनेक्टस क्लब के विद्यार्थियों ने स्क्रैप आर्ट से आर्मी स्टैच्यू बनाया है, जो सभी को काफी आकर्षित कर रहा है। इस स्टैच्यू में भारतीय सेना के आधुनिकीकरण तथा ताकत को दिखाया गया है। इसके अलावा क्लब द्वारा बनाए गए आल टेरेन व्हीकल्स को भी प्रदर्शित किया गया।

### कलमायका प्रतिभा प्रदर्शन का बेहतरीन मंच

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार उत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित विभिन्न प्रोजेक्ट्स देखे और विद्यार्थियों का हौसला भी बढ़ाया। उन्होंने कहा कलमायका एक ऐसा मंच है जो विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के अनुरूप क्षमता दिखाने का अवसर प्रदान करता है।